एक नजर में

कैनवास पर छात्राओं ने उकेरे डेंगू से बचाव के तरीके, मिला पुरस्कार

गोगावां। वर्षाकाल में में डेंगू रोग के पूर्ण उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग अमले की डेंगू से बचाव के लिए गतिविधियां जारी हैं। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोगावां में स्कूली छात्राओं के द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कि गई, जिसमें छात्राओं ने ड्राइंग सीट पर मच्छरों से बचाव के तरीके केनवास पर उकेरकर कल्पनाओं के रंग भरे। ब्लॉक मलेरिया अधिकारी अशोक कुशवाह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जानलेवा डेंगू रोग के प्रति जनजागरुकता व समुदाय में डेंगू का पूर्ण उन्मूलन करना है। सुपरवाइजर संजय चौहान ने उपस्थित बच्चो को डेंगू रोग से बचाव की शपथ दिलाई। प्रतियोगिता में प्राची राजू वर्मा प्रथम, हर्षिता राजेन्द्र उपाध्याय द्वितीय व सना जावेद कुरेशी तृतीय स्थान पर रही, जिन्हें प्राचार्य ज्ञानचंद निहाले, परसराम क्षेत्रे के द्वारा प्रशस्ति पत्र, नगद राशि व मच्छरदानी देकर 3 बालिकाओं को सम्मानित किया।

शालेय चयन स्पर्धाओ का समापन, तीन सौ से ज्यादा खिलाड़ियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

खरगोन। दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल चयन स्पर्धा का दूसरे दिन समापन किया गया। स्पर्धा में जिलेभर की विभिन्न स्कूलों के तीन सौ से ज्यादा खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। किसी ने फुटबॉल को किक लगाई तो, किसी ने पानी में लगाया गोता, किसी ने राइफल से साधा निशाना तो किसी ने बास्केट की रिंग में डाली बॉल। स्पर्धा के दूसरे दिवस फुटबॉल अंडर14 व 19 आयुवर्ग की स्पर्धाएं हुई। गोकुलदास पब्लिक स्कूल डायरेक्टर अशोक महाजन व जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार कानूड़े ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान निरीक्षक हबीब बेग मिर्ज़ा, स्पोर्ट्स कॉर्डिनेटर अनुभव रॉय, शिक्षा विभाग विधि प्रभारी आफताब खान, योग प्रभारी प्रदीप गुप्ता, ऑब्जर्वर केआर वर्मा, झबरसिंह मंडलोई, इकबाल खान, जितेंद्र हिरवे, सूरज पाल, जॉस पॉल, ऋतिक भालसे, राकेश बडोले, यश गुप्ता, दुर्गेश बड़ोले आदि मौजूद रहे। संचालन माध्यमिक शिक्षक सचिन मोरे ने किया। कोच मुश्ताक खान, उच्छमसिंह रावत, जवानसिंह एदनावर, चेतन कुलमिव सावन रघुवंशी आदि रेफरी रहे।

हृदयघात से बसपा नेता संजय सोलंकी का हुआ आकस्मिक निधन

खरगोन/सनावद। बहुत ही हृदय विदारक एवं दुखद घटना बहुजन समाज पार्टी के भोपाल जोन प्रभारी संजय सोलंकी का कम उम्र में ही गुरुवार दिनांक 23 जुलाई 2025 को रात्रि 12 बजे के लगभग अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। मुलनिवास साई विहार कालोनी सनावद में निवासरत आर्यन सोलंकी के पिता जी परम सम्माननीय संजय सोलंकी जी 6 जोन प्रभारी भोपाल बसपा एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सबसे प्रथम और बड़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले निडर और साहसी मिशनरी सिपाही 8 का आकस्मिक निधन होना समाज एवं पार्टी के लिए क्षति हुई है जिसके चलते बहुत कमी महसूस हो रही है। श्री सोलंकी का अंतिम संस्कार खेड़ीघाट बड़वाह में नर्मदा नदी तट पर किया गया। उनके पार्थिव शरीर को निले रंग के कफ़न में लपेटा गया। जहां उनकी अंतिम शवयात्रा में रिस्तेदार व समाजजन अम्बेडकर अनुयायी सहित बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। शव यात्रा में जय भीम जय भारत, बाबा साहेब अमर रहे, संजय सोलंकी जिंदा बाद के नारे लगाते हुए नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। परिनिवृत्त परम सम्माननीय संजय सोलंकी जी को अंतिम संस्कार के बाद दों मिनट का मौन धारण करके उन्हें भावभीनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि एवं कोटि कोटि नमन करके भगवान बुद्ध से आपने चरणों में उच्च स्थान दे एवं भगवान बुद्ध सोलंकी परिवार को दु:ख सहने कि सक्ति प्रदान करने कि प्रार्थना कि।

संयुक्त आयुक्त जिले में छात्रावासों की अव्यवस्था की हकीकत जानने पहुंचे

कसरावद। बुधवार को जिले में छात्रावासों की अव्यवस्था की हकीकत जानने के लिए इंदौर कमिश्नर दीपक सिंह के निर्देश पर संयुक्त आयुक्त विकास श्रीडी, एस, रंदा खरगोन पहुंचे थे श्री रंदा ने जिले में संचालित कन्या छात्रावास में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने के कड़े निर्देश दिए एवं परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, चौकीदारों की छात्रावास में सुरक्षा की दृष्टि से इंतजाम की भी हिदायत दी। छात्रावास में आर ओ सिस्टम एवं समय-समय पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने हेतु भी निर्देशित किया। साथ ही फ्रिज गीजर एवं शौचालय की समय-समय पर साफ सफाई के भी कड़े निर्देश दिए। गुरुवार को कसरावद प्रवास के दौरान नवभारत संवाददाता केआत्मीय निवेदन पर कसरावद रेस्ट हाउस कुछ समय रुके श्री रंधा का पुष्पमाला से स्वागत किया।

हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण

भीकनगांव। जन नायक टंट्या मामा शासकीय महाविद्यालय भीकनगांव में पर्यावरण संयोजन एवं समन्वयन संगठन भोपाल के दिशा निर्देशानुसार इको क्लब द्वारा प्राचार्य लक्ष्मण डावर के मार्गदर्शन एवं इको क्लब प्रभारी डॉ दीपा शर्मा के नेतृत्व में, एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण किया गया एवं अशोक जामुन आम नीम आदि के पौधे रोपित किए गए इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पृथ्वी की खुशहाली और दुर्दशा पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया

नवभारत न्यूज

मंडलेश्वर, निप्र। पर्यावरण को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए श्रीकंवर तारा सीनियर सेकंडरी स्कूल मंडलेश्वर के विद्यार्थियों द्वारा अम्बेडकर तिराहे से एक जागरूकता रैली निकाली गई जिसे अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुश्री श्वेता शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली में एन सी सी एयर विंग के कैडेट्स सेकंड ऑफिसर मोनिका ठाकुर के नेतृत्व में कदमताल कर रहे थे।यह रैली बस स्टैंड एम जी रोड घंटाघर होती जिला न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पहुंची जहां स्कूली बच्चों ने शानदार नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।सबसे पहले 17 बालिकाओं ने शानदार गीत प्रस्तुत किया।उसके बाद नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बिगड़ते पर्यावरण पर चिंता व्यक्त की गई नाटक में बताया गया कि 1970 के दशक की पृथ्वी पर जो स्वस्थ जनजीवन और खुशहाली थी 2040 आते आते पृथ्वी पर वातावरण इतना जहरीला हो गया कि जल जंगल जानवर और मानव का अस्तित्व ही समाप्त हो गया।स्टूडेंट अक्षिता शर्मा और ऋषिका वर्मा ने शानदार एंकरिंग की।संस्था के प्राचार्य योगेश जोशी ने स्वागत भाषण में कहा कि संस्था इस वर्ष 11 सौ पौधे लगाएगी।

जागरूकता रैली निकाली

अतिथियों ने पौधारोपण किया

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने इस अवसर पर विधिक सेवा के पंच-ज अभियान के तहत बताया की हम सभी को पौधे लगाना चाहिए और उनका संरक्षण भी करना चाहिए साथ हो जल संरक्षण भी करना आवश्यक है।अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुश्री श्वेता शुक्ला ने भी पर्यावरण के महत्व को बताया इस अवसर पर सुश्री शुक्ला ने पुलिस विभाग के नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथियों ने पौधारोपण किया।आभार उप प्राचार्य अभिजीत डोशी ने माना।

हरियाली महोत्सव पर ओल्ड पीआरओ परिसर में किया पौधारोपण

खरगोन। हरियाली महोत्सव पर पत्रकारों ने ओल्ड पीआरओ परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस पहल में कई पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न किस्म के पौधे लगाए। पत्रकारों ने कहा कि पेड़.पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने आसपास के वातावरण को हरा.भरा रखने में योगदान दें। इस दौरान शशि शर्मा, सदाशिव वर्मा, नरेंद्र भटोरे, रामेश्वर बडोले, संजय पाराशर, मनीष मड़ाहर, ओम रामनेकर, ममताराम पातुद, उमेश रेवलिया,भारत पटेल, शुभम बगलाने आदि मौजूद थे।

सांदीपनी में ग्रीन डे मनाया , विद्यार्थियों ने वेजिटेबल मार्केट भी लगाया

नवभारत न्यूज

मण्डलेश्वर। स्थानीय संस्था सांदीपनी एकेडमी मण्डलेश्वर में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में ग्रीन डे मनाया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से दूसरी के विद्यार्थी ग्रीन कलर के परिधान में विद्यालय आए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना व वृक्षारोपण से हुई जहाँ प्रायमरी कक्षा के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रायमरी के विद्यार्थियों के लिए इंटरहाऊस इंग्लिश ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने मंच पर यह दर्शाया कि हम अपनी पृथ्वी को कैसे संरक्षित कर सकते है। प्रत्येक सदन ने शानदार अभिनय, संवाद एवं सजीव प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। नाटक का मुख्य उद्देश्य था ' 'सेव अर्थ, सेव फयूचर'। इसी तरह प्रायमरी के विद्यार्थियों लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया था। जिसका शिर्षक स्वच्छ पर्यावरण, हरा-भरा पर्यावरण था।

प्री-प्रायमरी के नन्हें विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक वेजिटेबल मार्केट भी लगाया गया। इस गतिविधियों का उद्देश्य था विद्यार्थियों को सब्जियों के नाम, रंग, उपयोग एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी देना। बच्चों ने छोटे-छोटे दुकानदार बनकर इस एक्टिवीटी में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पेड़ लगाओं, जीवन बचाओं का नारा देते हुए विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। प्राचार्य डॉ कमलेश सी. जोशी ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमेन राजेश्वर पाटीदार, सारिका पाटीदार, मैनेजिंग डॉयरेक्टर गोपाल पाटीदार, उप-प्राचार्य संजय वर्मा, हेड मिस्ट्रेस वैशाली श्रीरामें ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और इस दिन को एक शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक अनुभव बताया।

अब बजरंगपुर के नाम से पहचाना जाएगा महम्मदपुर

खरगोन। जिले के गोगावां ब्लॉक स्थित ग्राम महम्मदपुर का नाम आधिकारिक तौर पर बदलकर बजरंगपुर कर दिया गया है। इस संबंध में आवश्यक अधिसूचना जारी कर, यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। लंबे समय से स्थानीय ग्रामीणों और विभिन्न संगठनों द्वारा गांव का नाम बदलने की मांग की जा रही थी। इस मांग के पीछे धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाएं प्रमुख थीं। ग्रामीणों का मानना था कि नया नाम उनकी आस्था और पहचान के अधिक अनुरूप होगा।

नाम परिवर्तन की प्रक्रिया कई चरणों में पूरी की गई, जिसमें स्थानीय प्रशासन से लेकर राज्य सरकार तक की मंजूरी शामिल थी। राजस्व रिकॉर्ड और अन्य सभी आधिकारिक दस्तावेजों में अब ग्राम मोहम्मदपुर के स्थान पर बजरंगपुर दर्ज किया जाएगा। इस नाम परिवर्तन से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। आपको बता दे कि महम्मदपुर गांव में करीब 700 साल पुरानी हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित है। मान्यता है कि यह स्वयंभू हनुमान की प्रतिमा है। इसका पूजन गांव के लोग करते हैं। जिसके चलते गांव का नाम भी बजरंगपुर रखने की मांग की गई थी।

हायर सेकेंडरी स्कूल कुकड़ोल में स्कूली बच्चों ने 50 पौधे लगाए

बिस्टान निप्र। एकीकृत हायर सेकेंडरी स्कूल कुकडोल में हरियाली अमावस्या पर एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने नीम,करंज,गुलमोहर,पीपल,अशोक सहित अन्य 50 पौधे लगाए।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया। प्राचार्य ललिता धुले के मार्गदर्शन में स्कूल परिसर में विद्यार्थी द्वारा पौधारोपण किया गया है। इस स्कूल परिसर में हर वर्ष वर्षाकाल में पौधरोपण किया जाता है। स्कूल परिसर में पूर्व वर्षों में शिक्षकों एवं ग्राम पंचायत द्वारा लगाए हुए करीब 400 से अधिक पौधे अब पेड़ बन चुके हैं।

स्कूल परिसर का दृश्य देखते ही बनता है। चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक रामकृष्ण महाजन, पुरुषोत्तम ओसवाल, भूरला सोलंकी, विशाल जाधव, सरोज वास्केल, गरिमा मालसे, ममता गुप्ता, आशा सोलंकी, कैलाश पाटिल,हेमराज पाटीदार, प्रभुराम मालवीया , बबलू सोलंकी, शैलबाला तारे, अशोक पाटीदार, सुरैया खान,पूजा राठौर शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति थी।

नवांकुर सखी के माध्यम से महिलाओं को पौधे बांटे

नवभारत न्यूज

कसरावद, निप्र। पौधा रोपण के साथ संरक्षण भी जरूरी - बैरवा, जन अभियान परिषद ने किया नवांकुर सखी आयोजन कसरावद बिगड़ते पर्यावरण के लिए पौधारोपण आवश्यक है, लेकिन हमें पौधे लगाने के साथ ही उनका संरक्षण भी करना जरूरी है। इसके साथ ही जो पेड़ लगे हैं उन्हें भी बचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। क्योंकि पौधे लगाना तो उत्तम कार्य है लेकिन उस पौधे को पेड़ बनाना सर्वोत्तम कार्य है। उक्त बात एसडीएम सत्येंद्र बैरवा ने मप्र जन अभियान परिषद द्वारा नगर के भवानी माता चौक में आयोजित नवांकुर सखी योजना के तहत महिलाओं को पौधा वितरण कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि कही। विशेष अतिथि पार्षद रेखा हेमन्त सोनी ने कहा कि पौधों को हमे बच्चों की तरह ध्यान रख कर पेड़ बनाना है, नवांकुर सखी के माध्यम से सरकार ने हम महिलाओं को पौधा संरक्षण की बड़ी जिम्मेदारी दी है। इसमें हमे खरा उतरना है। कार्यकम के विशेष अतिथि जनपद पंचायत की सी ईओ रीना किराड़ एवं परियोजना अधिकारी उमा नरवरिया

ने भी प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण एवं संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाने की बात कही। कार्यकम में नवांकुर सखी योजना के बारे में जन अभियान परिषद के ब्लॉक संभावयक कालू सिंह मंडलोई ने जानकारी दी। इसके पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें नन्ही बालिकाओं ने सिर पर कलश एवं श्रीफल रखकर आयोजन स्थल तक घर घर पौधा, हर घर पौधा नारा लगाते हुए आए। इसके पश्चात कार्यकम की शुरुआत हुई। कार्यकम में वनवासी कल्याण आश्रम के संतोष यादव मंचासिन थे। कार्यकम का संचालन नवांकुर संस्था के सुधीर सराफ ने किया। कार्यकम में अतिथियों के द्वारा उपस्थित महिलाओ को पौधे वितरित किए गए। इसके पश्चात आंगनवाड़ी की पोषण वाटिका में अतिथियां के द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के लखन चौहान, अमित रावल, सोहन सेन, राकेश पटेल, मेंटर शीतल रावल, रवि कानूडे, विजय केवट, अमित मीणा, सुधीर पाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला पाटीदार, रेखा पटेल, निशा कुशवाह, संगीता बामने, मीनाक्षी सोनी, आशा वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

एक नजर में

पाटीदार धर्मशाला भवानी माता चौक कसरावद में डॉक्टरों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ

राजयोग से मन को शांत और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार संभव है

नवभारत न्यूज

कसरावद, निप्र। माउंट आबू से पधारी ब्रह्माकुमारीज़ राजयोगिनी उर्मिला दीदी (संपादक, ज्ञानामृत पत्रिका) ने पाटीदार धर्मशाला भवानी माता चौक कसरावद में ब्रम्हाकुमारी द्वारा आनंदमय जीवन के सूत्र विषय पर डॉक्टरों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डॉक्टरों को मन और शरीर के बीच संबंध को समझने और स्वास्थ्य देखभाल में इसके महत्व के बारे में जानकारी ब्र.कु. उर्मिला दीदी ने जानकारी दी। इस अवसर पर आपने समस्त डॉक्टरो को उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि कर्म को ही पूजा मानकर अपने कर्मक्षेत्र में सदा तत्पर रहने वाले हमारे डॉक्टर्स ही है जो मानव के स्वास्थ्य की रक्षा करना ही अपना धर्म समझते हैं और सदा अथक होकर अपनी सेवाओं में लगे रहते हैं ड्ड

आपने बताया कि आज समाज के हर क्षेत्र में नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है। भले ही कोई धन और साधनों से संपन्न है परंतु चरित्र रूपी धन उसके पास नहीं है। तन के साथ-साथ मन पर भी ध्यान देना उतना ही आवश्यक है। ऐसा करने से हम स्वयं को बहुत हद तक तनावमुक्त रख सकते हैं। इसलिये अथक सेवा में सदा तत्पर रहने के लिए स्वयं चिकित्सक को भी आध्यात्मिक होना बेहद आवश्यक है। आपने राजयोग का महत्व बताते हुए कहा कि मन और शरीर दोनों का स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है, इन दोनो का संबंध राजयोग से है। राजयोग अर्थात् अपनी भागदौड़ भरी जिन्दगी से थोड़ा समय निकालकर शान्ति से बैठकर आत्म निरीक्षण करना। राजयोग और ध्यान जैसी तकनीकों के माध्यम से, व्यक्ति अपने मन को शांत कर सकता है और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। राजयोग (मेडिटेशन) न केवल अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है बल्कि चिकित्सको को अपने रोगियों के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने में भी मदद करेगा। कार्यक्रम में ब्र.कु. उम्रिला दीदी जी ने सभी डॉक्टर्स को उनके श्रेष्ठ कार्य के लिए शुभेच्छा और प्रेरणा दी और समस्त चिकित्सकगणो को संस्था की ओर से सम्मान स्वरूप सौगात भी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकगणो ने भी दुआओं की जीवन में आवश्यकता को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य रूप से माउंट आबू से पधारी ब्र.कु. उर्मिला दीदी, खरगोन से ब्र.कु. किरण दीदी, डॉक्टर सुशील पाटीदार, डॉक्टर प्रवीण भाई सोनी, शासकीय चिकित्सालय से बहन करिश्मा आदि ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

इस अवसर पर व्यापारियो के लिए भी एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गयाव जिसमें ब्र.कु. उम्रिला दीदी ने व्यापारियो से कहा कि धन जीवन के लिए है लेकिन जीवन धन के लिए नही। अत: धन कमाने के साथ दुआएं भी अवश्य कमाएं, क्योंकि ये दुआएं ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं, दुआओं का व्यापार सबसे बड़ा व्यापार है, इसमें घाटे की कोई संभावना नही। उन्होंने बताया कि दुआएं कमाने का सरल तरीका है हाँ जी का पाठ पक्का करना और सबको सम्मान देना।

धन कमाने के साथ दुआएं भी कमाएं

ब्र.कु. उर्मिला दीदी ने बताया कि नकारात्मकता आज की डिजिटल युग में डिजिटल उपकरणों के अनावश्यक उपयोग से हम स्वयं को नकारात्मकता के अधीन करते जा रहे हैं। जहां नकारात्मकता है वहां तनाव है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय समाज मे ज्ञान के प्रचार प्रसार और समाज की उन्नाति के लिए विभिन्ना कार्यक्रमों के माध्यम से जागृति लाने का प्रयास कर रहा है हमे इसे गहराई से समझने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. मनीषा बहन ने किया एवं आभार प्रदर्शन ब्र.कु. भावना बहन ने माना। कार्यक्रम में संस्था के विभिन्न वरिष्ठ भाई-बहने भी उपस्थित रहे।